# तेज रफ्तार डंपर ने ली दो दोस्तों की जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के पातालेश्वर वार्ड निवासी दो युवको की तेज रफ्तार ने जान ले ली। दरअसल बाइक सवार दो युवक सोमाढाना से अपने घर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार सौरभ इरपाची उम्र 18 साल एवं विजय रावत मोटरसाइकिल से सोमाढाना अपने निजी काम से गए हुए थे। लगभग शाम 8 बजे वह अपने घर पातालेश्वर लौट रहे थे तभी सामने से आ रहे 10 चक्का डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह चोटिल हो गए।

मौके पर खड़े लोगों की माने तो घटना इतनी दर्दनाक थी कि मौके पर खड़े लोगों की चीख निकल गई। वहीं मृतक विजय रावत की मोटरसाइकिल 100 मीटर तक घसीटते हुए गई थी। हालाकि हादसे के कई घण्टों तक देहाथ पुलिस मौके पर नही पहुँची थी। वहीं स्थनीय लोगो ने मृतकों के शव को सड़क से साइड कर कपड़ा ढक दिया था। वहीँ इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।



## *सोमाढाना से घर जा रहे थे बाइक सवार युवा, मौके पर मौत*



इकलौता बेटा था विजय

सोमाढाना के पास हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय विजय घर का इकलौता बेटा था। जबकि उसका परिवार खेत मे काम करता है। वहीं विजय भी अपने माता-पिता का हाथ बटता था। सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में हैं।

बता दें कि शहर छिन्दवाड़ा में एवं ग्रामीण अंचलों में बढ़ती दुर्घटनाऐं चिंता का विषय है इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं मध्यप्रदेश की सड़को में अनावश्यक बनाऐं गए स्पीड ब्रेकर है। यदि उन पर सफेदा नहीं पोता जाता है, रेडियम नहीं लगाया जाता है तो स्पीड ब्रेकर दुर्घटना का कारण बनता है। ऐसी स्थिति में जिले के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से लगातार मांग की जा रही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग और नेशनल हाईवे में बनने वाले स्पीड ब्रेकर तकनीकी ढंग से बनाऐं जाए और उसमें सफेदा पेता जावे जिससे दुर्घटनाऐं कम हो और लोगों की जान बचायी जा सके।

# महिला ने खाया जहर, डायल 100 के चालक ने बचायी जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के थाना मोहखेड़ क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते अखाध्य पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन कर लेने से महिला का हुआ स्वास्थ्य खराब हो गया जहां सूचना मिलते ही डायल-112/100 जवानों ने उपचार हेतु जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में भर्ती करवाया।



मिली छिंदवाड़ा के थाना मोहखे? क्षेत्र में बांदा बोह गाँव में पारिवारिक विवाद के चलते अखाध्य पदार्थ का सेवन कर लेने से एक महिला का स्वास्थ्य खराब हो गया है, कि पुलिस सहायता की आवश्यकता है।

सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में गत 27 मार्च 2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मोहखेड़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।

डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक संतोष साहू एवं पायलट गीतेन्द्र पँवार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते अखाध्य पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन कर लेने से एक महिला का स्वास्थ्य खराब हो गया था।

डायल-112/100 जवानों ने पीड़ित महिला सावित्री यादव पति बृजकिशोर यादव उम्र 30 वर्ष को एफआर व्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ित महिला का उपचार किया जा रहा है।

बता दें कि इस समय पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में तैनात 100 डायल एवं 112 मुस्तैद है और किसी भी घटा की सूचना मिलते ही पहुंचकर सेवा देने में तत्पर है। यही कारण है कि घायलों की जान अस्पताल पहुंचाकर बचायी जा रही है।

## सार समाचार

### खिरसाडोह में बाइकें भिड़ीं, दो युवकों की मौत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया मार्ग पर खिरसाडोह में दो बाईक की भिडंत से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवकों का बुधवार की दोपहर अंतिम संस्कार किया गया।

बताया जा रहा है कि किनारों की कटी फ्टी सडक से एक युवक की बाईक बहकी और उसने दूसरे युवक की बाईक को चपेट में ले लिया। दोनों की मौत हो गई। मरने वाले में से एक युवक की एक साल की बेटी है। खिरसाडोह स्टेशन के सामने परासिया की ओर से आशीष डेहरिया अपनी बाईक से खिरसाडोह कालेज के समीप अपने घर जा रहा था। वह छोटा हाथी चलाने का काम करता था। एक कार सड़क से गुजरी इस बीच किनारे से कटी फ्टी सडक से आशीष की बाईक बहकी और वह सीधे जाकर सामने से आ रहे परासिया के वार्ड क्रमांक चौदह निवासी मयूर सोनी से टकराया।

दोनों को परासिया अस्पताल लाया गया। यहां से छिंदवाडा ले जाते समय दोनों की मौत हो गई। मयूर सोनी ने पालीटेक्निक से पढाई किया था। उसके परिजनों ने उसे कोई दुकान खोलकर दी थी। सडक दुर्घटना में दो युवकों की असमय मौत हो गई। पुलिस ने दोनो बाईक पर परासिया थाने में लाकर रखा है। दोनो बाईक सामने से बुरी तरह से टूट फूट चुकी है। इनके रिंग भी टूट गए। जो ये बताते है कि बाईक सवार तेज रफ्तार में थे। एक बाईक के दोनों ब्रेक लीवर भी टूटे पाए गए।

### नन्हें राहत ने रखा रोज़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रमज़ान का पाक महीना आत्म नियंत्रण, धैर्य और अनुशासन का प्रशिक्षण देता है रोज़ा भूख और प्यास का अनुभव करवाकर अन्य लोगों के प्रति करुणा और सहानुभूति सिखाता है। यह इफ्तारी के माध्यम से भोजन को साझा करके परिवार और समुदाय के बंधन को मज़बूत करने का समय है। इसी कड़ी में लालबाग निवासी सात साल के नन्हें राहत अली ने रोज़ा रखा एवं सभी के लिए अमन चैन की दुआएं की। राहत अली कक्षा दूसरी के छात्र हैं एवं शिक्षक फ़िरोज अली व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तबस्सुम अली के पुत्र हैं।



### छात्र मौलिक ठवरे का जवहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2024-25 में डिसेंट पब्लिक स्कूल पटपड़ा में अध्यनरत छात्र मौलिक ठवरे पिता सुरेंद्र ठवरे, माता श्रीमती भावना ठवरे जो कि आंगनवाड़ी में सहायिका पद पर कार्यरत हैं, का चयन जवाहर नवोदय सिगोंड़ी की कक्षा 9 वी मे हुआ है। छात्र की सफ्लता पर शाला संचालक डी.पी. मालवीय ने छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई दी। छात्र ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने परिजन व शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं को दिया।



# छात्र-छात्राओं ने किया पातालकोट का भ्रमण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा शैक्षणिक भ्रमण योजना के अंतर्गत हिंदी एवं प्रयोजनमूलक हिंदी विभाग के स्नातकोत्तर एम.ए. उत्तरार्द्ध के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य डॉ. वॉय.के. शर्मा के संरक्षण, विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीचंद के निर्देशन, डॉ. सुशील व्यवहार, डॉ. टीकमणि पटवारी एवं डॉ. रचना लारिया के विशिष्ट सहयोग एवं डॉ. सीमा सूर्यवंशी के संयोजन मेंछिन्दवाड़ा जिले में स्थित पातालकोट में निवासरत भारिया जनजाति की बोली भरयाटी का भाषा वैज्ञानिक एवं जनजातिय लोक संस्कृति का अध्ययन हेतु शैक्षणिक भ्रमण किया गया।





इस दौरान छात्र छात्राओं ने पातालकोट का भोगोलिक परिदृष्य, भरयाटी बोली में प्रयुक्त शब्दों ए लोकोक्तियों, मुहावरों, लोककथाओं का संचयन किया तथा भारिया जनजाति की संस्कृति को जानने, उनके द्वारा गाये जाने वाले गीतों, तीज, त्यौहारों, रहन-सहन, पहनावा, वेशभूषा, जनजाति में प्रयुक्त जड़ी बूटियों का भी अध्ययन व संकलन किया।

छात्र-छात्राएँ इस संस्कृति से परिचित हो पाए साथ ही भारिया जीवन की प्राकृतिक जीवन शैली को जानकर उनके आभावपूर्ण जीवन से सीख हॉसिल की। इस भ्रमण से विलुप्त होती संस्कृति व बोलियों के संरक्षण तथा संवर्धन में बल मिलेगा।

# राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में अंजलि का चयन, कलेक्टर ने किया उत्साहवर्धन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 15 से 21अप्रैल तक मणिपुर इंफाल मे राष्ट्रीय फुटबॉल सीनियर बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश दल में पीएम श्री एम एल बी स्कूल छिंदवाड़ा की खिलाड़ी छात्रा अंजलि प्रजापति का चयन हुआ है इसके पूर्व अंजली प्री नेशनल कोचिंग कैंप के आयोजन 8 से 12 अप्रैल तक इंदौर में शामिल होगी।

शिक्षा विभाग को खेल जगत मे मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी तथा अंजलि से परिचय प्राप्त कर विस्तृत जानकारी लेते हुए उसका उत्साहवर्धन भी किया।

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, सहायक संचालक पी.एल. मेश्राम, प्राचार्य अलका श्रीवास्तव, प्रताप इवनती, प्रभारी डी.एस.ओ., क्रीड़ा प्रभारी आशालता माहुले, राकेश चौरसिया सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करते हुए अंजलि को शुभकामनाएं दी।

## स्वामी विवेकानंद का साहित्य सशक्त : एनएसएस स्वयंसेवक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण मिशन पुणे के सहयोग से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. स्मृति हाबिल एवं राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. सीताराम शर्मा के निर्देशन में जिला संगठक प्रो. रविन्द्र नाफड़े के नेतृत्व में 26 मार्च 2025 को विवेकानंद साहित्य चलित वाचनालय रथ लगाया गया।

जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफ्ड़े ने युवाओं को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास व चरित्र निर्माण में युवाओं के प्रेरणा पुरुष विवेकानंद साहित्य के वाचन हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी, चंचलेश वर्मा, जेबा अंसारी, अकलेश प्रजापति, अतुल मसराम, अकलेश विश्वकर्मा, अभिषेक प्रजापति, एवं रासेयो स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# दो स्थानों पर हुआ वो फिर आयेगी का मंचन




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर छिंदवाड़ा जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था एवं एकमात्र रंगमंडल नाट्य गंगा रंगमंडल के द्वारा छिंदवाड़ा के दो स्थानों पर हास्य नाटक वो फ्रि आएगी का मंचन किया गया।

विदित हो कि नए दर्षकों को रंगमंच से जोड़ने के लिए नाट्यगंगा के द्वारा 200 दिन में 2000 नए रंगदर्षक बनाने का महाअभियान चलाया जा रहा है। इन 200 दिनों में संस्था के कलाकार छिंदवाड़ा के गली मोहल्लों, स्कूल-कॉलेजों में जाकर नाटकों के मंचनकर शहरवासियों को नाटक से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

इस अभियान के अंतर्गत नाट्यगंगा के द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर कल टैलेंट राइजिंग किड्स वर्ल्ड स्कूल एवं महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या शाला के एन.एस.एस. शिविर में हास्य नाटक वो फ्रि आएगी का मंचन संस्था अध्यक्ष एवं रंगमंडल गुरू सचिन वर्मा के निर्देशन में किया।

रूसी लेखक एंटोनचेखव द्वारा लिखित इस हास्य नाटक में संस्था की विगत कार्यशाला से प्रशिक्षित कलाकारों गुंजन मेटेकर, हर्ष डेहरिया और पूनम बचले सहित सचिन वर्मा ने अपने शानदार अभिनय से सभी दर्षकों को चकित कर दिया।

इन कलाकारों की संवाद अदायगी और उर्जायुक्त अभिनय की सभी उपस्थित दर्षकों ने सराहना की। साथ ही हरियाणा से आए कलाकार तरूण जलोटा ने नाटक में व्यवस्थाएँ संभाली। नाटक का मंचन ऐसे दर्षकों के समक्ष किया गया जिन्होंने पहली बार किसी नाटक का मंचन देखा।

सभी दर्षक पहली बार नाटक देखकर हतप्रद रह गए और सभी ने भविष्य में भी नाटक के मंचन देखने की इच्छा व्यक्तकी। नाटक के दोनों मंचनों में डॉ. मृदुला शर्मा, राकेश राज, विजय शर्मा, निहारिकाषिवहरेसहितबड़ी संख्या मेंछात्र-छात्राएँ, एन.एस.एस. के स्वयंसेवक एवं दर्षक उपस्थित रहे।

# अनाज मंडी में अव्यवस्था, सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के प्रत्येक अनाज उत्पादक किसानों को अपनी उपज विक्रय हेतु सीधे कुसमैली अनाज मंडी ही पहुंचना पड़ता है। किन्तु मंडी में चल रही प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी के कारण किसान अपनी फ्सल बिचौलियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि मंडी कभी भी बंद हो जाती है। बंद रखने के पीछे कोई पुख्ता कारण भी नहीं होता इसका सीधा अर्थ है कि प्रशासन की मानमानी चल रही है। उक्त उदगार किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने जारी बयान में आगे कहा कि जिले की प्रमुख कृषि उपज मण्डी कुसमैली लगातार 6 दिन तक बंद होने से जिले के किसान अपनी उपज बेचने हेतु परेशान हो रहे। किसानों को अपनी उपज कम दामों पर बेचने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है। मण्डी सचिव द्वारा कभी भी कृषि उपज मण्डी बंद करने और खोलने के आदेश जारी कर दिये जाते हैं, जो किसान हितों के विपरीत है। मण्डी सचिव की मनमानी से किसान लगातार परेशान हो रहे। इसलिये उनके विरूद्ध कार्यवाही की जानी चाहिये, मार्च महीने में किसानों को ऋण भुगतान करने, बिजली बिल जमा करने एवं बच्चों की स्कूली फीस जमा करने और शादी विवाह समारोह के लिये किसानों को रूपयों की आवश्यकता होती है।

शासन के नियमानुसार वार्षिक कैलेण्डर से संचालित किया जाना जरूरी है। मण्डी सचिव द्वारा मंडी में खरीदी व बंद रखने सहित अन्य अहम बिन्दुओं पर निर्णय लेने के पूर्व जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक बुलाकर उनकी सहमति व सुझाव भी लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में मंडी को नियमानुसार व कम से कम समय के लिए बंद किया जाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भाजपा सरकार है। किसान कांग्रेस के द्वारा मंडी में जारी मनमानी को रोकने हेतु मण्डी सचिव के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्यमंत्री, कलेक्टर, भार साधक अधिकारी व उप संचालक कृषि को ज्ञापन प्रेषित किया है।

# छिन्दवाड़ा में पुस्तक मेले में 50 प्रतिशत तक छूट



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 27 मार्च 2025 को पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुस्तक एवं गणवेश मेले के दौरान छिंदवाड़ा में निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए जिला कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के निर्देश पर पुस्तक मेले का शुभारंभ किया गया। पुस्तक मेले के शुभारंभ के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार अनुविभागीय अधिकारी सुधीर जैन जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, सहायक संचालक डी.पी. डोरिया एवं पी.एल. मेश्राम शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्रचार संचालक पत्रकार गण विक्रेता गण अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे पुस्तक मेले का शुभारंभ के अवसर पर छिंदवाड़ा परासिया जुन्नारदेव एवं तामिया के दुकानदारों की पुस्तक की दुकान एमएलबी स्कूल मैं लगे गई। इस अवसर पर विभिन्न दुकान संचालकों के कक्षा में जाकर रिबन काटकर पुस्तक मेले का उद्घाटन किया गया कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दुकानदारों को रियायती दरों पर छूट प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया जिसमें जिले के अनेक पलक गणों ने सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक इस मेले में पुस्तक काफी और ड्रेस खरीद पुस्तक एवं गणवेश मेला प्रभारी राहुल पटेल, डिप्टी कलेक्टर दिनेश वर्मा एवं मोहम्मद अशरफ अली, बी.ई.ओ. ने बताया कि यह मेल 27 मार्च से 29 मार्च 2025 तक चलेगा कलेक्टर शैलेंद्र सिह की पहल पर लगातार दूसरे वर्ष यह पुस्तक मेले को लगाया गया है यह मेला अभिभावकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मेले में कई स्टाल लगाए गए हैं यहां सभी निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तक कॉपियों यूनिफॉर्म स्कूल बैग और अन्य शैक्षणिक सामग्री रियायती दरों पर उपलब्ध है मेले में आज लगभग 1000 अभिभावक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही वहीं अभिभावकों के अनुसार मेले में उन्हें पुस्तकों पर दो से 10 प्रतिशत तथा नोटबुक एवं स्टेशनरी पर 40 से 50 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं की जानकारी दी।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रं.-1 में पुस्तक और वस्त्र उपहार का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 छिंदवाड़ा में कल 27 मार्च 2025 को कक्षा पहली से नवमी एवं 11 वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा के साथ ही केंद्रीय विद्यालय में पर्यावरण-संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी पुस्तक उपहार और वस्त्र उपहार का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय प्राचार्य और अपने शिक्षकों को अपनी पुरानी कक्षाओं की किताबें का सेट बनाकर भेंट किया। अब उन किताबों का वितरण विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य किया जाएगा। प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तक दान और वस्त्र दान के महत्व के बारे में बताया और कहा कि वे आगामी दिनों में भी विद्यालय में किताबें और वस्त्र उपहार में दे जिनका उपयोग अन्य विद्यार्थियों द्वारा किया जा सकता है।




*सार समाचार*

## छिन्दवाड़ा कलेक्ट्रेट में ई आफिस प्रणाली शुरू



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर ऑफिस में शुरू हुई ई ऑफिस प्रणाली। अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे ने कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के आदेशार्थ ऑनलाइन अग्रेषित की फाइल।

## कोयलाचल में चल रहा है ब्लैकमेलिंग का बड़ा खेल, रहस्य अभी भी अनसुलझा

**परासिया, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र में लंबे समय से देखने में आ रहा है कि कई ऐसी महिलाएं स्वेच्छा से लोगों से शारीरिक संबंध बनाती हैं। उसके बाद पुलिस में जाकर शिकायत करती हैं। बाद में पता चलता है की शिकायत करने वाली महिला को बड़ी रकम मिल गई है और पुलिस अधिकारियों का भी अच्छा जुगाड़ हो गया है। इसी तरह का एक ताजा मामला परासिया क्षेत्र के बड़कुही का सामने आया है। जिसमें एक युवती के द्वारा दो लोगों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार की शिकायत दी गई। बाद में पता चला की युवती को दो लाख मिल गये और संबंधित अधिकारियों को एक लाख। लेकिन यह मामला नगर में काफी गरमा गया है। अब बात आती है कि संबंधित अधिकारियों से जब यह पूछा गया कि क्या किसी युवती ने सामूहिक बलात्कार की शिकायत की है, तो पता चलता है कि ऐसा कोई मामला ही नहीं है।

जानकार लोगों का कहना है कि सही मायने में अगर युवती के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ है तो शिकायत करने पर अगर स्थानीय स्तर पर पुलिस अधिकारी इसकी शिकायत दर्ज नहीं कर रहे हैं तो एवं कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं तो वह शिकायत के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के पास जा सकती है। लेकिन अगर मामला पहले से ही सुनियोजित हो तो फ़िर युवती वरिष्ठ अधिकारियों के पास शिकायत करने नहीं जाएगी। जिससे यह बात सामने आती है की युवती के द्वारा की गई शिकायत पर कोई मामला ही नहीं बनता है। इसलिए कि युवती ने स्वेच्छा से शिकायत वापस ले ली है।

इस तरह के मामले कोयलांचल में पहले भी सामने आए हैं। केवल ब्लैकमेलिंग के आधार पर युवतियों के द्वारा लोगों को फंसा कर बड़ी रकम वसूलने की साजिश रची जाती है। शिकायत पर पुलिस को मामला दर्ज करने के बजाय मध्यस्थता कर शिकायत करने वाली युवती को राशि दिलाकर मामले को खत्म किया जाता है। जिसमें युवती को तो बड़ी रकम मिलती है। साथ ही पुलिस अधिकारियों का भी बड़ा भला हो जाता है इस बात की चर्चा पूरे परासिया कोयलाचंल क्षेत्र में चल रही है।

## प्रांताध्यक्ष के साथ शिक्षक संघ मनायेगा हिन्दू नववर्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रांताध्यक्ष डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर एवं प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता के साथ तिलक चौराहा तिलक मार्केट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष मनायेगा। इसके साथ ही विगत दिनों जिला, तहसील एविकासखण्ड एवं नगर ईकाईयों के निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुये अतः विभाग संघ चालक भजनलाल चौपड़े एप्रांताध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थिति में कर्त्तव्यबोध दिवस मनाते हुये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को संघ के प्रति समर्पित होते हुये अपने अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलायेंगे।

# विश्व रंगमंच दिवस पर नुक्कड़ नाटक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा को रंगमंच की दुनिया में बुलंदियों में पहुंचने वाले रंगकर्मी जिसमे डॉक्टर पवन नेमा जो छिंदवाड़ा में 28 सालो से रंगमंच कर रहे है प्रवीण चौरागड़े छिंदवाड़ा से पहली बार जिनका चयन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में हुआ अदिति जोशी जिनके किये गये दो नाटक भारत रंग महोत्सव के विश्व रंग में चयनित हुए

इस कार्यशाला में हम बच्चों को नि:शुल्क अभिनय और नृत्य सिखा रहे हैं। कार्यशाला का मार्गदर्शन डॉक्टर पवन नेमा द्वारा, निर्देशन आदित्य जोशी द्वारा किया जा रहा हैं। कार्यशाला प्रवीण चौरागड़े के महाअभियान हर घर अभिनय हर नाट्य घर घर रंगकर्मी हर घर रंगकर्मी के अंतर्गत किया जा रहे हैं।

श्री दत्तात्रेय भदाड़े, आयुष अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलाकारो द्वारा नुक्कड़ नाटक आदिरंग का मंचन किया गया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे और उन्होंने मंचन और उसके द्वारा दिए गए संदेश की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रशंसा भी की।



## एनएसएस ने जामुनझिरी में लगाया शिविर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय पीजी कालेज छिन्दवाडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का संयुक्त आवासीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्रोफेसर महेंद्र साहू, डॉक्टर मंसाराम उईके, डॉक्टर निधि डोडानी के नेतृत्व में ग्राम जामुनझिरी में चल रहा है।

इसका उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने शिविरार्थियों को प्रेरित किया। शिविर के तीसरे दिन सिवनी के डी.एस.पी. प्रमोद वाल्मीकि एवं शुक्लूढना विद्यालय के प्राचार्य किशोर मंगलुरकर ने शिविरार्थियों में जोश और उत्साह भरा।

शिविर के चतुर्थ दिवस में विद्यार्थीयो ने ग्राम जामुनझिरी में बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। रैली निकालकर सड़क के किनारे बिखरे पालिथीन का निपटारा किया ।

## महिला कांग्रेस सेवादल परासिया की ब्लाक अध्यक्ष बनीं मंजित कौर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले कि अनुशंसा पर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय कि सहमति पर सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र झाड़े कि अनुशंसा पर महिला कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान ने मंजित कौर को महिला कांग्रेस सेवादल परासिया ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।



उनकी इस नियुक्ति पर हरप्रीत कौर, सिंधु यादव, आकाश दुबे, बसंत मालवी, शेर सिंह, मोहम्मद शकील सहित जिला महिला कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित कि मंजित कौर ने भी अपनी नियुक्ति पर पूर्व सीएम कमलनाथ, नकुलनाथ सहित जिला कांग्रेस सेवादल के सभी पदाधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

## ग्रामवासियों को जल संरक्षण की और पानी का दुरुपयोग न करने की दिलाई गई शपथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड हर्रई में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन और विकासखंड हर्रई के समन्वयक आशीष नेमा के कुशल नेतृत्व में ग्राम रातेड में आज जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को जल संरक्षण और पानी का दुरुपयोग ना करने की शपथ दिलाई गई।

इस जल संरक्षण अभियान के जागरुकता कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड हर्रई के विकासखंड समन्वयक श्री नेमा, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के मेंटर्स अखिलेश इनवाती, श्रीमती स्वाति गुप्ता, प्रकाश परतेती, शिव कुमार उइके, नवांकुर संस्थाओं से अनिल डेहरिया, सीताराम डेहरिया, कृपाल शाह और सभी एम.एस.डब्ल्यू. व बी.एस.डब्ल्यू. के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की ।

# कोयला चोरों ने युवक के साथ की मारपीट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शिवपुरा थानो के अंतर्गत मंडला में एक व्यक्ति को बीती रात्रि लगभग 10 बजे अवैध कोयले से भरी पिकअप गाड़ी रोकना काफी महंगा पड़ गया। सूचना देने के बावजूद समय पर पुलिस के नहीं पहुंचने पर कोयला चोर पिकअप गाड़ी लेकर भाग गए। लेकिन बाद में वापस आकर गाड़ी रोकने वाले के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ की।

प्रार्थी राजेंद्र पिता तेजराम डेहरिया उम्र 38 साल की शिकायत पर पुलिस ने शिवपुरी निवासी अश्वनी डेहरिया एवं अन्य लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है। पता चला है कि कोयला चोर जब पिकअप गाड़ी में कोयला भरकर ले जा रहे थे तब प्रार्थी के द्वारा सामने आकर गाड़ी को रोका गया और हंड्रेड डायल को सूचना दी गई। लेकिन जब कोयला चोर गाड़ी लेकर भागने की कोशिश करने लगे तो प्रार्थी के द्वारा सामने का कांच तोड़ दिया गया।

इसके बाद कोयला चोर गाड़ी लेकर भाग गए। 100 डायल बाद में पहुंची। वहीं कुछ समय के बाद कोयला चोर वापस मंडल। आए और गाड़ी रोकने पर प्रार्थी के साथ मारपीट की।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी मंडला में एक बार सीआईएसएफ और दूसरी बार खनिज विभाग के अधिकारियों ने बोरियों में भरा कोयला जप्त किया था। पता चला है कि बंद हरनभटा ओपन कास्ट से लगातार कोयला निकाला जा रहा है।

कोयले की तस्करी में अपराधी प्रवृत्ति के लोग शामिल है और ऐसा कहा जाता है कि कोयला चोरी रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति पर भविष्य में कभी भी कोयला चोर हमला कर सकते हैं। प्रार्थी जान की सुरक्षा को लेकर चिंहि।

# आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण में बताए बचाव के तरीके

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील स्तरीय रिस्पॉन्स टीम और सभी टास्क फोर्स की दक्षता उन्नयन के लिए 19 से 27 मार्च तक विभिन्न तिथियों में आयोजित आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण का अंतिम सत्र गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें इंसीडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम पर विस्तृत प्रशिक्षण 19 मार्च को और औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटनाओं से बचाव तकनीक पर 21 मार्च को प्रशिक्षण प्रदाय करने के बाद आज प्रशिक्षण के तृतीय एवं अंतिम सत्र में बाढ़ आपदा से राहत, खोज एवं बचाव तकनीक तथा बोरवेल में होने वाली एवं विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी एवं डिप्टी कलेक्टर आर.के. मेहरा की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें जिला स्तरीय रिस्पॉन्स टीम एवं जिला स्तरीय फ्लड रेस्क्यू टास्क फोर्स और जिला स्तरीय बोरवेल रेस्क्यू टास्क फोर्स के सदस्य सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण में शामिल हुई।

बोरवेल में होने वाली एवं विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव तकनीक के संबंध में प्रशिक्षण जिला होमगार्ड्स कार्यालय से गणेश धुर्वे द्वारा दिया गया। उन्होंने बाढ़ के पूर्व परिवार स्तर, ग्राम स्तर एवं जिला स्तर की तैयारी, बच्चों, बुजुर्गों के आकस्मिक जरूरत के सामानों की पूर्व व्यवस्था, बाढ़ आपदा के दौरान की जाने वाली कार्यवाही और आपदा के बाद पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण की कार्यवाही के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। बाढ़ के दौरान डूबने से बचने के लिए तरह-तरह से राफ्ट बनाने के तरीके बताए।

जिसमें पानी की खाली बोतलों, सूखे नारियल, खराब ट्यूब आदि से राफ्ट बनाना शामिल था। जिसके बाद डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड्स एस.आर. आज़मी द्वारा बोरवेल में होने वाली एवं विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री कुसरे द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल आदि एम छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में उपाय बताए गए।

## तृतीय एवं अंतिम सत्र में बाढ़ आपदा से राहत, खोज एवं बचाव तकनीक पर प्रशिक्षण



### स्वस्थ पर्यावरण के लिए स्वस्छता अभियान में गांव की साफसफाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के ग्राम जामुन झिरी मे राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक ने स्वच्छता अभियान के तहत गांव में साफसफाई और पोलिथिन कचरा इकट्ठा कर गांव की साफ़ई किया।

इस अवसर पर इको पर्यटन विकास बोर्ड मास्टर ट्रेनर जैव-विविधता दूत मोहन साहू छिंदवाड़ा ने ग्राम वासी को मिशन लाइफ के तहत जानकारी ग्रामवासी को दी एवं पालिथीन का उपयोग न करने की सलाह दी एवं स्वास्थ्य रहने के लिए स्वस्छ पर्यावरण संरक्षण की सलाह अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने उनकी सुरक्षा करने की सलाह दी।